हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(पन्द्रहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 10 अगस्त, 2022/19 श्रावण, 1944 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 26

कौशल विकास केन्द्र

2203 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक प्रदेश में कितने कौशल विकास केन्द्र स्थापित किए गए; और

(ख) इन केन्द्रों में युवाओं को किस प्रकार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है; ब्यौरा जिलावार दें?

Cow Sanctuary

2204 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the Government has opened a Cow Sanctuary at Jangal Beri in Sujanpur Assembly Constituency;

(b) what is the total capacity of this Sanctuary and how many cattle are there upto 20.07.2022; and

(c) how many stray animals are in Hamirpur District; details be given?

Degree College

2205 **Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state whether it is a fact that the Government is going to open a Degree College at Lambloo; if so, whether the land for this building has been selected; how much amount for the construction of this building will be spent and by when the construction work will be started; details be given?

पशु चिकित्सालय

2206 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा(रोहड़ू) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ऐसे कितने पशु चिकित्सालय हैं जोकि बन्द पड़े हैं या चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सहारे चलाये जा रहे हैं; इन पशु औषधालयों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; इन रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

2207 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू मण्डल के अंतर्गत लिंक रोड्स जॉलो-गाड, शील-बराल, शॉल-पनैठी के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है?

भवन निर्माण

2208 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, भलून, मछोटी, बारटू, रनोल, मसली, पेखा तथा खशधार के भवनों के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

न्यूक्लियस बजट

2209 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) न्यूक्लियस बजट आबंटन के क्या नियम हैं; क्या यह बजट पी0ए0सी0 में अनुमोदित करना आवश्यक नहीं है; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि वर्ष 2021 में न्यूक्लियस बजट से रकछम बूथ समिति को पचास हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं; यदि हां, तो किस उद्देश्य के लिए; इसके पदाधिकारीगण कौन-कौन हैं; उनके नाम सहित ब्यौरा दें; क्या यह पंजीकृत संस्था है; इस बूथ समिति को किसकी सिफारिश पर धनराशि स्वीकृत की गई है;

(ग) बूथ समिति क्या है व इसके क्या मायने हैं; और

(घ) अब तक इस तरह की कितनी बूथ समितियों को न्यूक्लियस बजट दिया गया है; समितियों के नामवार, पतेवार व दी गई धनराशि सहित ब्यौरा दें?

ओपन जिम उपकरण

2210 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला किन्नौर के कुछ विद्यालयों को ओपन जिम उपकरण प्रदान किए गए हैं जिस हेतु एक करोड़ से अधिक धनराशि व्यय की गई है;

(ख) इन जिम उपकरणों की खरीददारी से सम्बन्धित सभी किस्म की प्रक्रिया के दस्तावेज सभा पटल पर रखें; और

(ग) प्रत्येक विद्यालय में कितने जिम उपकरण दिए गए हैं; प्रत्येक उपकरणों का ब्यौरा विद्यालयवार, प्रारूप, वजन व मार्केट मूल्य अनुसार दें?

भूमि हस्तान्तरण

2211 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जनजातीय क्षेत्र किन्नौर के अन्तर्गत कोठी पंचायत में हि0प्र0 संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम,1968 के

उल्लंघन में गैर-जनजाति को जनजाति से भूमि हस्तान्तरित की गई है; यदि हां, तो सरकार ने इस उल्लंघन पर क्या कार्रवाई की; यदि कार्रवाई नहीं की गई है, तो कारणों सहित ब्यौरा दें?

नर्सों के पद

2212 **श्री रोहित ठाकुर** (**जुब्बल-कोटखाई**):

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में नर्सों के कितने पद स्वीकृत व कितने रिक्त पड़े हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) प्रदेश में कितने सरकारी व निजी नर्सिंग कॉलेज हैं तथा प्रतिवर्ष कितनी नर्सें इन संस्थानों से प्रशिक्षित होती हैं; ब्यौरा दें?

सड़कों की पासिंग

2213 **श्री रोहित ठाकुर** (**जुब्बल-कोटखाई**):

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक जुब्बल-कोटखाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा कितनी सड़कों की पासिंग (road-fitness) करवाई गई है; मण्डलवार ब्यौरा सड़कों के नाम, लम्बाई व तिथिवार दें?

करुणामूलक आधार पर नियुक्तियां

2214 **श्री रोहित ठाकुर** (**जुब्बल-कोटखाई**):

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक बिजली विभाग के कितने कर्मचारियों की सेवा के दौरान करंट लगने से मृत्यु हुई है;

(ख) सरकार इन कर्मचारियों के आश्रितों को क्या-क्या राहत तथा मुआवज़ा दे रही है; ब्यौरा दें; और

(ग) इन आश्रितों के कितने करुणामूलक मामले लम्बित पड़े हैं तथा कब तक इन मामलों का निपटारा कर दिया जाएगा?

अनुबन्ध आधार पर बसें

2215 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)**ः

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा अनुबन्ध आधार पर कुल कितनी बसें किन-किन रूटों पर चलाई जा रही हैं; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) इन बसों से विभाग को कितनी आय प्राप्त हुई; ब्यौरा बस तथा रूटवार दें?

खैर पेड़

2216 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)**ः

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वन निगम द्वारा विभिन्न जिलों में खैर के कितने सूखे, टूटे तथा उखड़े हुए पौधों को बेचा गया व उनसे कितनी आय प्राप्त हुई; ब्यौरा जिलावार दें?

फोरलेन निर्माण

2217 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान में कितने फोरलेन मार्गों का निर्माण किया जा रहा है; इन फोरलेन मार्गों की वर्तमान भौतिक तथा वित्तीय स्थिति क्या है; मार्गों के नाम व लम्बाईवार ब्यौरा दें?

उठाऊ सिंचाई जल परियोजना गाति नागचला

2218 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह)**ः

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत उठाऊ सिंचाई जल परियोजना गाति नागचला कब तक जनता को समर्पित की जाएगी तथा इस योजना पर कितनी धनराशि खर्च की जा चुकी है; ब्यौरा दें?

न्यायिक मेजिस्ट्रेट

2219 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में

सिविल जज न्यायालय (न्यायिक मेजिस्ट्रेट) खोलने का विचार रखती है; यदि हां; तो कब तक?

धनराशि आबंटन

2220 श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक ऊना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में कितने पात्र व्यक्तियों को किस-किस योजना के अंतर्गत कितनी-कितनी धनराशि आंबटित की गई; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम व पते सहित दें?

Transfers

2221 Sh. Satpal Singh Raizada (Una):

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what is the total number of Government Employees in various Government Departments who are having Una Sadar as their home Constituency; details of their name, home address, designation and current place of posting be provided; and

(b) during the last 3 years upto 20.07.2022, how many of these employees were transferred out of Una District; details of their name, place of posting before or after transfer and date of transfer be given with reason?

Outsourcing of HPTDC Cafe

2222 Sh. Satpal Singh Raizada (Una):

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many Hotels, Cafe and Restaurants of HPTDC are given on Outsource basis; details be given with name and address;

(b) provide the name of Person, Contractor, Firm with their address, who have taken it on Outsourcing; and

(c) details of agreement, amount and validity of each agreement be given?

कृष्णा प्रयोगशाला

2223 **श्री संजय अवस्थी (अर्की)**:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार द्वारा प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में कृष्णा प्रयोगशालाओं को स्थापित किया जा रहा है; यदि हां, तो प्रदेश के कितने जिला अस्पतालों में इन्हें स्थापित किया जा चुका है तथा शेष अस्पतालों में इन प्रयोगशालाओं को कब तक स्थापित कर दिया जाएगा; अस्पताल/जिलावार ब्यौरा दें?

नर्सरी व किंडरगार्टन

2224 **श्री संजय अवस्थी (अर्की)**:

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सरकार द्वारा कितनी प्राथमिक पाठशालाओं में प्री-नर्सरी, नर्सरी व किंडरगार्टन की कक्षाएं शुरू की गई हैं तथा कितनी पाठशालाओं में अभी शेष हैं; पंचायतों के नाम व पाठशालावार ब्यौरा दें?

पानी के कनैक्शन

2225 **श्री संजय अवस्थी (अर्की)**:

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत कितने पेयजल कनैक्शन लगाए गए हैं; और

(ख) लगाए गए पानी के कितने कनैक्शनों में जलापूर्ति सुचारु रूप से शुरू कर दी गई है; ब्यौरा दें?

मनरेगा के तहत कार्य

2226 **श्री हीरा लाल (करसोग)**:

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि विकास खण्ड करसोग व चुराग में मनरेगा के तहत कितने कार्यों की शैल्फ प्रस्तावित हैं तथा कितनी पंचायतों में कार्य आरम्भ किया जा चुका है; पंचायतवार ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

2227 **श्री हीरा लाल(करसोग) ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा कितनी नई सड़कों का निर्माण किया गया है; सड़कवार ब्यौरा दें; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गत 3 वर्षों में कितनी सडकें पक्की हुई हैं; ब्यौरा दें?

स्वीकृत पेयजल योजनाएं

2228 **श्री हीरा लाल (करसोग)**ः

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग के तहत कितनी पेयजल व सिंचाई योजनाएं बनकर तैयार हो गई हैं तथा कितनी अभी लंबित हैं; नाम व धनराशि सहित ब्यौरा दें?

यशपाल शर्मा,

सचिव।